PMKSY
Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana

# कार्यालय उप संचालक कृषि
# सह परियोजना प्रबंधक WCDC, जिला–सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक/827 /जलग्रहण/स्था./2023–24 सूरजपुर दिनांक 05/06/2023

**–:: विज्ञापन ::–**

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंध एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर छ.ग. का पत्र क्र./662/CGSWMA/22 रायपुर दिनांक 02.09.2022 एवं छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्यौगिकी विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/1900/एफ–02/04/WDC.0/2015/14-2, रायपुर दिनांक 28.09.2022 के द्वारा प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY 2.0/1 भैयाथान–प्रतापपुर परियोजना के सफल संचालन हेतु परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (PIA) अंतर्गत माइक्रो वाटरशेड ग्राम/ग्राम पंचायत में जलग्रहण समिति के माइक्रो वाटरशेड सचिव के पद हेतु छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर का पत्र क्रमांक एफ 13 –14/2009/आ.प्र./1–3 रायपुर दिनांक 04.12.202 द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित

| क्र. | योजना का नाम | पदनाम | जलग्रहण समिति का नाम | जलग्रहण समिति अंतर्गत आने वाले ग्राम/ग्राम पंचायत का नाम | पदों की संख्या वर्गवार | मासिक मानदेय (राशि रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलग्रहण विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 | जलग्रहण सचिव | बुन्दिया | बुन्दिया (वि.ख. भैयाथान) | अनारक्षित–03(मु.)<br>अपिव–01(मु.)<br>अजजा–03(मु.)<br>कुल पदों की संख्या–07 | 5000/– |
| 2 | | | धरमपुर | धरमपुर (वि.ख. भैयाथान) | | |
| 3 | | | डुमरिया | डुमरिया, बरौधी (वि.ख. भैयाथान) | | |
| 4 | | | श्यामनगर | श्यामनगर (वि.ख. प्रतापपुर)<br>करसू (वि.ख. भैयाथान) | | |
| 5 | | | सकलपुर | सकलपुर (वि.ख. प्रतापपुर) | | |
| 6 | | | कोरंधा | कोरंधा, बंशीपुर (वि.ख. प्रतापपुर) | | |
| 7 | | | झींगादोहर | झींगादोहर (वि.ख. प्रतापपुर) | | |

माइक्रो वाटरशेड सचिव की योग्यता एवं अर्हतायें निम्नानुसार है :–

| न्यूनतम अर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक | |
|---|---|---|
| 12 वीं पास। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 85 अंक |
| माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम/ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक अनुभव | 5 अंक |
| | 5 वर्ष तक अनुभव | 10 अंक |
| | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 अंक |

**नियम व शर्तें :–**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगे, किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय वहन नहीं किया जावेगा। संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

2. विज्ञापित पदों के लिए योजना में निर्धारित मासिक मानदेय के अलावा अन्य किसी प्रकार वेतन–भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

3. आवेदन पत्र बंद लिफाफे में उप संचालक कृषि, जिला–सूरजपुर में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि ......... 23/6/23...कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक है। आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, अनुभव, जाति एवं निवास संबंधी प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें। समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

4. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। लिफाफे के ऊपर प्रेषक एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट होना चाहिए अथवा आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा।

5. चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा। अभ्यार्थी जलग्रहण समिति अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत एवं ग्रामों का एवं छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।

6. A 4 साईज में टाईप किया हुआ आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC, जिला सूरजपुर के नाम से प्रस्तुत करें, आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है।

7. रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3 अटल नगर, रायपुर दिनांक 30.01.2019 के अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा (35 वर्ष) में 05 वर्ष की छूट देय होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष, महिलाओं के लिए 10 वर्ष तथा सभी प्रवर्ग के लिए सभी प्रकार के छूट सहित अधिकतम आयु सीमा की छूट 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। दिव्यांगजन उम्मीदवार को 3 वर्ष की आयु सीमा में अतिरिक्त छूट होगी परन्तु यह छूट 45 वर्ष की आयु सीमा तक ही सीमित होगा।

उच्चतर आयु सीमा में छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गए निर्देशों के तहत छूट की पात्रता होगी। यदि उच्चतर आयु सीमा में छूट चाही गई है, तो संबंधित दस्तावेज/प्रमाण पत्र अनिवार्यतः दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

8. छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था का ही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा। विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा।

9. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निगम/मण्डल में नियोजित हों तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।

10. न्यायालयीन प्रकरण/अपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

11. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी/मैट्रीकुलेशन) जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, आरक्षित पदों हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

12. आवेदक अपनी अर्हता की स्वयं जांच करें तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तें को पूरा करने पर ही आवेदन भेजें। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।

13. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने एवं आवेदन पत्रों पर विचार करने/स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति संबंधी समस्त प्रक्रिया में कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC, जिला–सूरजपुर का निर्णय मान्य होगा।

14. विज्ञापन में दर्शित अर्हता/योग्यता/पात्रता इत्यादि में भिन्नता पाये जाने पर योजना के दिशा–निर्देश में अंकित अनुसार ही अंतिम रूप से मान्य होगा।

15. विज्ञापित नियुक्ति, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।

16. संविदा नियुक्ति, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन एफ–9–1/2012/1–3 रायपुर दिनांक 17 जनवरी 2013 द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियुम 2012 के अधीन होगी।

17. काई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

18. कोई भी उम्मीदवार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

19. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता एवं मोबाईल नंबर तथा दो स्वयं का पता लिखे लिफाफा 25–25 रू. का डाक टिकट सहित प्रेषित करेंगे।

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–सूरजपुर, (छ०ग०)

पृ.क्रमांक/828/जलग्रहण/स्था./2023–24 सूरजपुर दिनांक 05/06/2023

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC, जिला–सूरजपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह उपाध्यक्ष WCDC, जिला पंचायत सूरजपुर, की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक कृषि, संभाग सरगुजा, अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. संयुक्त संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय बिलासपुर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ हेतु।
6. जिला सूचना केन्द्र सूरजपुर को लेख है कि विज्ञापन NIC के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
7. कार्यालय उप संचालक कृषि सूरजपुर के सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. ग्राम पंचायत ..........................................के सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–सूरजपुर, (छ०ग०)

## :: आवेदन पत्र का प्रारूप ::

| स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो यहां चस्पा करें। |
|---|

प्रति,

**उप संचालक कृषि**
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–सूरजपुर जिला–सूरजपुर (छ०ग०)

1. आवेदित पद का नाम ..............................
2. आवेदक का नाम ..............................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) ..............................
3. लिंग (पुरूष / महिला) ..............................
4. वैवाहिक स्थिति ..............................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर ..............................
5. पिता / पति का नाम ..............................
6. प्रवर्ग (सामान्य / अजा / अजजा / अपिव) ..............................
7. जन्म तिथि (अंको में) ..............................
   (शब्दों में) ..............................
8. आयु (01.01.2023 की स्थिति में) ..............................
9. जाति (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम) ..............................
   प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता ..............................
    ..............................
    पत्र व्यवहार का पता ..............................
    ..............................
    मो नं. ..............................
11. जिला जहां के मूल निवासी हैं ..............................
12. शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुए)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

L

13. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण ..........................................................
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

14. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित क्रमांक ..........................................................

15. आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत हैं (यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) ..........................................................

16. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। ..........................................................

17. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. ..........................2. ..........................3. ..........................4. ..........................

5. ..........................6. ..........................7. ..........................8. ..........................

**टीप** :– जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम : ..........................

पूरा पता ..........................

**घोषणा – पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम : ..........................

पूरा पता ..........................

L